वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2015-16

भाकृअनुप–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय
ICAR-Directorate of Weed Research
जबलपुर (मध्य प्रदेश)
Jabalpur (Madhya Pradesh)

ISO 9001 : 2008 Certified

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2015-16

भाकृअनुप - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय
ICAR - Directorate of Weed Research
जबलपुर (मध्य प्रदेश)
Jabalpur (Madhya Pradesh)
ISO 9001 : 2008 Certified

उद्धरण
वार्षिक प्रतिवेदन (द्विभाषी). 2015-16. भाकृअनुप-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर, 137 पृष्ठ.

Correct Citation
Annual Report (Bilingual). 2015-16. ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur , 137 p.

प्रकाशक
डॉ. ए.आर. शर्मा, निदेशक

Published by
Dr. A.R. Sharma, Director

संपादकीय समिति
डॉ. पी.के. सिंह
डॉ. सुशील कुमार
डॉ. आर.पी. दुबे
डॉ. डी.के. पाण्डे
डॉ. शोभा सौंधिया
डॉ. भूमेश कुमार
श्री संदीप धगट

Editorial Committee
Dr. P.K. Singh
Dr. Sushil Kumar
Dr. R.P. Dubey
Dr. D.K. Pandey
Dr. Shobha Sondhia
Dr. Bhumesh Kumar
Mr. Sandeep Dhagat

आवरण पृष्ठ रचना
डॉ. पी.के. सिंह
श्री संदीप धगट

Cover page design
Dr. P. K. Singh
Mr. Sandeep Dhagat

आवरण विषय

भाकृअनुप-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय (मध्य में चित्रित भवन) ने संरक्षित कृषि प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन पर फ्लैगशिप शोध कार्यक्रम वर्ष 2012 में आरंभ किया जिसमे लेजर लेबलर द्वारा भूमि का समतलीकरण, पूर्व फसल के अवशेषों के साथ शुन्य कर्षण विधि द्वारा क्रमशः वर्णित फसलों की बुवाई (धान-गेहूं-मूँग), शाकनाशियों द्वारा खरपतवार नियंत्रण एवं हारवेस्टर द्वारा फसलों की कटाई शामिल है। इस तकनीक का किसानों के खेतों पर भी सफल प्रदर्शन किया गया, फलस्वरूप मध्यप्रदेश के किसानों के बीच यह आग की तरह फैल कर प्रचलित हो रही है। विगत 4 वर्षों में निदेशालय के 150 एकड़ प्रक्षेत्र पर इसे पूर्ण रूप से अपनाया गया है, जिसके कारण 300 प्रतिशत की फसल सघनता प्राप्त की गई है।

Cover theme

ICAR-DWR (building in the centre) launched the flagship research programme on weed management in conservation agriculture system in 2012. This involved laser land leveling, zero-till sowing in standing residue of all crops grown in sequence (rice-wheat-greengram), weed control through herbicides and harvesting with combine. This technology was disseminated through on-farm trials and now spreading like wild fire in Madhya Pradesh. Over the last 4 years, the entire research farm of the Directorate (150 acres) was covered under conservation agriculture-based technologies; thus achieving 300% cropping intensity.

प्राक्कथन
PREFACE

खरपतवार, फसलीय क्षेत्रों, गैर–फसलीय क्षेत्रों व जलीय स्त्रोतों की प्रमुख समस्या हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार खरपतवारों के कारण फसलों की कुल उपज में लगभग एक तिहाई तक की कमी आती है व खरपतवारों के इस अप्रत्यक्ष नकारात्मक प्रभाव पर किसान भाईयों का ध्यान सामान्यतः नहीं जाता है। खरपतवार, फसलों की उपज को नुकसान पहुंचाने के साथ–साथ फसल उत्पाद की गुणवत्ता, जैव विविधता, पशु स्वास्थ्य व उस क्षेत्र की सौंदर्यता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। आधुनिक प्रबंधन तकनीकों के विकास व अंगीकरण के बावजूद भी खरपतवारों की समस्या लगातार बढ़ रही है, जिसका प्रमुख कारण आधुनिक खेती के आधे–अधुरे तरीकों के अंगीकरण के साथ–साथ वैश्वीकरण व जलवायु परिवर्तन भी प्रमुख कारक हैं। इस प्रकार की आधुनिक खेती के अंतर्गत रासायनिक उर्वरकों व सिंचाई जल का असंतुलित उपयोग करना, भूमि की अत्याधिक जुताई करना, फसल प्रणाली में दलहनी फसल का समावेश न करके एक ही प्रकार की फसलों का समावेश करना आदि प्रमुख हैं। इसके अलावा आक्रामक विदेशी खरपतवारों का निरंतर असंक्रमित क्षेत्रों में बढ़ना, खरपतवारों में खरपतवारनाशी के प्रति विकसित होती प्रतिरोधक क्षमता तथा फसल उत्पाद व मृदा में शाकनाशी के अवशेष में वृद्धि भी गहन चिंतन का विषय है। इसलिये खरपतवार की समस्या के प्रबंधन के लिये सतत् निगरानी व प्रभावी प्रबंधन तकनीकों में समय की आवश्यकता के अनुसार बदलाव करने की जरूरत है।

हमारे देश में किसान भाईयों के बीच खरपतवार प्रबंधन तकनीकों की अत्याधिक मांग है जिसका प्रमुख कारण निदाई के लिये कृषि मजदूरों की उपलब्धता में कमी व बढ़ती फसल उत्पादन लागत है। एकीकृत खरपतवार प्रबंधन सबसे वांछनीय उपाय है, जबकि खरपतवारनाशियों के द्वारा खरपतवार नियंत्रण सबसे तेजी से अपनायी जाने वाली तकनीक है जिसका मुख्य आकर्षण कम लागत के साथ–साथ समय की बचत है। हालांकि खरपतवारनाशियों के उपयोग के लिये तकनीकी मार्गदर्शन आवश्यक है, जिससे पर्यावरण पर पड़ने वाले इसके प्रतिकूल प्रभावों से बचा जा सके। आगामी वर्षों में खरपतवार प्रबंधन का परिदृश्य बदलने की संभावना है, क्योंकि कम–मात्रा, अधिक–शक्तिशाली, कम–अवशेषों व विभिन्न प्रकार की खरपतवार प्रजातियों पर विषाक्त प्रभाव वाले खरपतवारनाशियों तथा मध्यम दर से उत्सर्जित होने वाले व नैनो–खरपतवारनाशियों, सटीक खरपतवारनाशी प्रयोग तकनीकों का विकास, खरपतवार नियंत्रण के लिए रोबोटिक्स तकनीक का उपयोग, अनुवांशिकी तौर पर परिवर्तित खरपतवारनाशी प्रतिरोधक फसलों की खेती पर शोध कार्य प्रगति से चल रहा हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने देश में खरपतवार अनुसंधान को सुदृढ़ करने के लिये वर्ष 1978 में अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार नियंत्रण अनुसंधान परियोजना व मध्यप्रदेश के जबलपुर में वर्ष 1989 में राष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की। वर्ष 2014 में अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार नियंत्रण अनुसंधान परियोजना के नाम में परिवर्तन कर अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन अनुसंधान किया गया। राष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान अनुसंधान केन्द्र का नाम परिवर्तित कर वर्ष 2009 में खरपतवार विज्ञान अनुसंधान निदेशालय किया व पुनः वर्ष 2015 में इसे खरपतवार अनुसंधान निदेशालय किया गया। विगत वर्षों में निदेशालय द्वारा फसलीय व गैर–फसलीय परिस्थितियों के लिए

Weeds are known to be a major biotic constraint in agricultural production systems including non-cropped lands and aquatic situations. As per the available estimates, more than one-third of the total yield losses due to biotic stresses are caused by weeds alone which often get unnoticed due to their hidden effects on plant growth. Besides reducing crop yields, their infestation adversely affects produce quality, biodiversity, animal health and aesthetic value of the area. Despite the development of weed management technologies and their adoption by the stakeholders, the problem of weeds has virtually been increasing. This is due to the so called modern cultivation methods employing use of chemical fertilizers, irrigation, short-statured high-yielding varieties, intensive tillage, monocropping systems devoid of legumes, coupled with the impact of globalization and climate change. Further, there are emerging concerns of the growing infestations of invasive weeds, herbicide resistance in weeds and their residue hazards. Therefore, weed problems are highly dynamic requiring continuous monitoring and refinement of technologies for their effective management.

Technologies for weed management are in great demand by the farmers of the country due to acute labour scarcity for manual weeding and rising cost of production. While integrated weed management is the most desirable approach, the use of herbicides is gaining rapid acceptance due to their efficient weed control at much lower cost. However, their application requires technical guidance in order to avoid possible adverse effects on the environment. Researches are in progress for development of low-dose, high-potency, non-residual, broad-spectrum herbicide molecules, slow-release and nano-herbicides, precision application techniques, robotics for weed control, and cultivation of herbicide tolerant crops which are likely to change the scenario of weed management in the coming years.

The launching of the All India Coordinated Research Project on Weed Control in 1978 (now known as AICRP on Weed Management) and the establishment of Directorate of Weed Research by the Indian Council of Agricultural Research in 1989 (previously known as National Research Centre for Weed Science, and subsequently Directorate of Weed Science Research) was a major step forward for strengthening weed research in India. Over the years, the Directorate has developed effective weed management technologies for almost all cropped and non-cropped situations which have led to increased productivity, profitability and livelihood security of the farming community.

प्रभावी खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास किया गया जो फसलों की उत्पादकता व कृषकों की आमदनी बढ़ाने तथा आजीविका सुरक्षा में महत्वपूर्ण सहायक साबित हुई हैं।

संरक्षित कृषि प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन इस निदेशालय का प्रमुख अनुसंधान कार्यक्रम है व इस अनुसंधान कार्यक्रम की सफलता के परिणामस्वरूप निदेशालय के पूरे अनुसंधान प्रक्षेत्र पर संरक्षित कृषि प्रणाली का अंगीकरण किया गया है। इस प्रणाली के अंगीकरण से प्रक्षेत्र की फसल सघनता 300% हो गई है साथ ही साथ फसल उत्पादकता, कारक उत्पादकता व मृदा स्वास्थ्य में सुधार हुआ है व उत्पादन लागत व उर्जा खपत में कमी आयी है। संरक्षित कृषि प्रणाली मध्यप्रदेश में सबसे तेजी से अपनायी जाने वाली तकनीक बनती जा रही है। वर्ष 2012–13 में इस प्रणाली का प्रदर्शन जबलपुर जिले के विभिन्न गांवों में किसान भाईयों के खेतों पर पहली बार किया गया। इनके सफलतापूर्वक परिणामों से उत्साहित होकर इस तकनीक का प्रदर्शन भारत सरकार के कार्यक्रम 'मेरा गांव मेरा गौरव' के अंतर्गत अन्य 4 जिलों में किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि पर इस तकनीक से गेहूं की खेती की जा रही है।

एशिया–पेसीफिक खरपतवार विज्ञान समिति के पच्चीसवें सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन निदेशालय द्वारा किया गया। इस आयोजन के माध्यम से निदेशालय के कार्यों को विश्व भर के वैज्ञानिकों के मध्य प्रस्तुत किया गया जिसे काफी सराहा गया और निदेशालय की मजबूत छबि बनी। इस ऐतिहासिक अवसर पर बहुत से उच्चकोटि के प्रकाशनों का विमोचन किया गया। निदेशालय द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोतिगता (मध्य क्षेत्र) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें मध्य क्षेत्र एवं नई दिल्ली के 19 संस्थानों से आये हुए लगभग 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहली बार 'विश्व मृदा दिवस' का आयोजन निदेशालय द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत लगभग 250 किसान भाईयों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गये। निदेशालय का प्रत्येक कर्मचारी भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'स्वच्छ भारत अभियान' के प्रति समर्पित है। कर्मचारियों द्वारा वर्ष भर प्रत्येक सप्ताह 2 घंटे का समय निकालकर 'स्वच्छ भारत अभियान' को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। निदेशालय द्वारा धारवाड़ (कर्नाटक) व मोतीहारी (बिहार) के बड़े जलस्त्रोतों में जलीय खरपतवारों के प्रबंधन का कार्यक्रम भी प्रारंभ किया गया है।

मुझे अत्यंत हर्ष है कि निदेशालय का 2015–16 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसमें अनुसंधान, प्रशिक्षण व प्रसार गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध है। विगत वर्षो में वार्षिक प्रतिवेदन को अलग–अलग अंग्रेजी व हिन्दी संस्करणों में प्रकाशित किया जाता था परंतु यह प्रथम अवसर है कि इस वार्षिक प्रतिवेदन को एक साथ द्विभाषीय प्रारूप में प्रकाशित किया जा रहा है। मुझे विश्वास है कि यह प्रतिवेदन कृषि जगत से जुड़े व्यक्तियों व संस्थानों के लिये उपयोगी साबित होगा। मैं डॉ. एस. अय्यपन, पूर्व महानिदेशक, डॉ. ए.के. सिक्का, पूर्व उपमहानिदेशक (प्रा.सं.प्र.), डॉ. बी. मोहन कुमार, पूर्व सहायक महानिदेशक (सस्य विज्ञान) व डॉ. एस.के. चौधरी, सहायक महानिदेशक (मृ.ज.प्र.) का आभारी हूँ, उनकी विशेष रूचि, सहयोग एवं दूरदृष्टि द्वारा निदेशालय की विभिन्न गतिविधियों को सफल बनाने हेतु मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस प्रतिवेदन के प्रकाशन हेतु निदेशालय के डॉ. पी.के. सिंह व अन्य अधिकारी बधाई के पात्र है।

स्थानः जबलपुर
दिनांकः 1 जुलाई, 2016

(अजीत राम शर्मा)
निदेशक

During the period under report (2015-16), we carried out our mandated activities efficiently and also undertook several new initiatives for further strengthening of our research and visibility. The flagship research programme of the Directorate on weed management in conservation agriculture systems has made outstanding progress as witnessed from complete coverage of the research farm under CA-based technologies. This helped in realizing 300% cropping intensity for the first time besides improving the overall productivity, saving time, money and energy, and apparent improvement in soil health. These technologies have also been promoted under the *Mera Gaon Mera Gaurav* programme in the 4 districts of Madhya Pradesh and spreading like wild fire. In fact, the Directorate has earned the distinction of promoting this technology on a large scale in 50-100 km radius of Jabalpur. Several thousand hectares of wheat is now being grown by the farmers by following this practice.

Twenty-fifth Asian-Pacific Weed Science Society Conference was organized successfully which provided visibility to the Directorate and raised the image of weed science. Several outstanding publications were brought out to commemorate this historic event. We also availed the opportunity to host ICAR Zonal Sports Meet (Central Zone) with the participation of 600 sportsmen and women from 19 institutes located in the central zone and New Delhi. World Soil Day was celebrated for the first time and >250 soil health cards were distributed to the farmers of the adopted villages. Various activities were undertaken under the *Swatchh Bharat Abhiyan* by each staff devoting 2 hours every week. We also launched projects on aquatic weeds in the large water bodies of Dharwad, Karnataka and Motihari, Bihar.

I have great pleasure in presenting this annual report of the Directorate describing the achievements in research, training, and extension activities during the year 2015-16. It is for the first time that the report has been printed in a bilingual format simultaneously instead of bringing out the English and Hindi versions separately as was done earlier. I am sure this report will be useful to all stakeholders. I express my gratitude to Dr. S. Ayyappan, former Director General; Dr. A.K. Sikka, former Deputy Director General (NRM), Dr. B. Mohan Kumar, former Assistant Director General (Agronomy), and Dr. S.K. Choudhury, Assistant Director General (SWM), ICAR for their keen interest and constant guidance for the betterment of this Directorate. The efforts of Dr. P.K. Singh and other staff of the Directorate for bringing out this document are also appreciated.

Place: Jabalpur
Date: 01 July, 2016

(A.R. Sharma)
Director

अनुक्रमणिका
Contents

क्र./Sl.	विषय/Particulars	पृ.सं./Page no.
	विशिष्ट सारांश Executive Summary	i-vi
	प्रस्तावना Introduction	1-7
1	अनुसंधान कार्यक्रम -1 Research Programme - 1	8-21
2	अनुसंधान कार्यक्रम -2 Research Programme - 2	22-31
3	अनुसंधान कार्यक्रम -3 Research Programme - 3	32-41
4	अनुसंधान कार्यक्रम -4 Research Programme - 4	42-49
5	अनुसंधान कार्यक्रम -5 Research Programme - 5	50-60
6	बाह्य वित्तपोषित परियोजनायें Externally-funded Projects	61-67
7	विद्यार्थियों द्वारा किये गये शोधकार्य Students Research Programme	68
8	प्रौद्योगिकी हस्तांतरण Transfer of Technology	69-75
9	प्रशिक्षण एवं कार्यशाला Training and Capacity Building	76-80
10	संपर्क एवं सहयोग Linkages and Collaborations	81-83
11	हिन्दी राजभाषा कार्यान्वयन	84-85
12	पुरस्कार एवं सम्मान Awards and Recognitions	86-87

क्र./Sl.	विषय/Particulars	पृ.सं./Page no.
13	प्रकाशन Publications	88-95
14	अनुसंधान कार्यक्रमों की निगरानी और समीक्षा Monitoring and Review of Research Programmes	96-97
15	आयोजित कार्यक्रम Events Organised	98-101
16	कार्यशाला एवं संगोष्ठी में भागीदारी Participation in Seminars and Workshops	102-105
17	अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन परियोजना का सारांश Summary of All India Coordinated Research Project on Weed Management	106-111
18	विशिष्ट आगंतुक Distinguished Visitors	112-113
19	कार्मिक Personnel	114-117
20	वर्तमान शोध कार्यक्रम On-going Research Programmes	118-119
21	विभिन्न समीक्षा समितियों की सिफारिशें Recommendations of Review Committees	120-122
22	मौसम रिपोर्ट Weather Report	123-124
23	नई शुरूआतें एवं प्रमुख उपलब्धियाँ New Initiatives and Landmark Achievements	125-126
	परिशिष्ट 1 *Appendix- 1* Results-Framework Document (RFD)	127-132
	परिशिष्ट 2 *Appendix- 2* Annual Performance Evaluation Report (2014-15)	133-134
	परिशिष्ट 3 *Appendix- 3* Acronyms	135-137

विशिष्ट सारांश
EXECUTIVE SUMMARY

भाकृअनुप–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय देश में एक नोडल संस्थान के रूप में खरपतवार एवं इनके प्रबंधन से संबंधित बुनियादी, सामरिक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान एवं समन्वय का कार्य करता है। निदेशालय के शोध कार्यक्रमों को पांच वर्गों में रखा गया है जैसे कि, विविध फसल प्रणालियों में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास; जलवायु परिवर्तन के दौर में खरपतवारों में परिवर्तन, प्रबंधन एवं खरपतवारनाशी प्रतिरोधक क्षमता; फसलीय और गैरफसलीय क्षेत्रों में समस्यात्मक खरपतवारों का जैव विज्ञान एवं प्रबंधन; पर्यावरण में प्रदूषकों एवं शाकनाशी अवशेषों का अपघटन, निगरानी व शमन, एवं खरपतवार प्रबंधन तकनीक का कृषक प्रक्षेत्र पर शोध परीक्षण एवं प्रदर्शन तथा उनके प्रभावों का मूल्यांकन। निदेशालय में खरपतवार से संबंधित सभी प्रकार के प्रयोगशाला एवं प्रक्षेत्र आधारित शोध कार्यों को करने हेतु उपयुक्त अधोसंरचना उपलब्ध है। खरपतवार पर शोध एवं समन्वय के अतिरिक्त निदेशालय ने अन्य कार्यक्रमों का संचालन भी किया जैसे कि विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, सलाहकार सेवायें, 'मेरा गांव मेरा गौरव' कार्यक्रम, 'स्वच्छ भारत' कार्यक्रम, किसान संगोष्ठी, कृषि शिक्षा दिवस, उद्योग दिवस, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, स्थापना दिवस, विश्व मृदा दिवस, वैज्ञानिक–कृषक–अधिकारी अंतराफलक बैठक आदि। निदेशालय ने इस वर्ष में भा.कृ.अनु.प. के मध्य जोन अंतर्गत खेल–कूद प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन भी किया। निदेशालय द्वारा अन्य संस्थाओं जैसे भा.कृ. अनु.प. के संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों, किसान विकास केन्द्रों एवं गैर सरकारी संस्थाओं को खरपतवारों से संबंधित समस्याओं पर जानकारी एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया। वर्ष 2015–16 के अंतर्गत विभिन्न पुर्ननिरीक्षण समितियों द्वारा निदेशालय के कार्यों की समीक्षा गई।

वर्ष 2015–16 के दौरान निदेशालय की मुख्य अनुसंधान उपलब्धियां संक्षेप में आगे दिये अनुच्छेदों में वर्णित है –

विविध फसल प्रणालियों में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास

- मक्का–गेहूं–मूंग फसल प्रणाली में गेहूं की फसल में खरपतवारों की न्यूनतम् संख्या सी.टी.(मक्का)–जेड.टी.(गेहूं)––जेड.टी.(मूंग) एवं सी.टी.(मक्का)–सी.टी.(गेहूं) में पाई गई। मेजोसल्फ्यूरॉन + आयडोसल्फ्यूरॉन (12+2.4 ग्रा./हे.) 30 दिन पर के प्रयोग से न्यूनतम खरपतवार संख्या एवं शुष्क पदार्थ रिकार्ड किया गया। अधिकतम गेहूं की उपज, जेड.टी.–जेड.टी. (आर.) के प्रयोग से प्राप्त हुई। सल्फोसल्फ्यूरॉन + मेटसल्फ्यूरॉन (32 ग्रा./हे.) एवं मेजो + आइडोसल्फ्यूरॉन के प्रयोग से समान पर वीडी चेक से अधिक उपज प्राप्त हुई। ग्रीष्मकालीन मूंग में विभिन्न उपचारों का खरपतवारों की संख्या पर समान प्रभाव पड़ा परंतु न्यूनतम् शुष्क पदार्थ सी.टी. (मक्का)–जेड.टी. (गेहूं)–जेड.टी. (मूंग) के उपचार में दर्ज किया गया। मूंग की उपज पर विभिन्न उपचारों का प्रभाव समान रहा।
- मक्का–गेहूं–मूंग फसल प्रणाली में, मक्का के दानों के नमूनों से निष्काषित सार तत्व के मास स्पेक्ट्रम में पेन्डिमेथालिन, इमाजेथापायर एवं एट्राजिन के अवशेष नहीं पाये गये। लेकिन मिट्टी के सारे नमूनों में एट्राजिन के अवशेष पाये गये।
- धान–गेहूं–मूंग फसल प्रणाली में खरपतवारों की न्यूनतम संरचना एवं शुष्क भार पारंपरिक जुताई–रोपणी पद्धति के अंतर्गत दर्ज

ICAR-Directorate of Weed Research is the nodal institute in the country which conducts and coordinates basic, strategic and applied research on weeds and their management. Research programmes are grouped under five themes, viz. development of sustainable weed management practices in diversified cropping systems; weed dynamics and management under the regime of climate change and herbicide resistance; biology and management of problematic weeds in cropped and non-cropped areas; monitoring, degradation and mitigation of herbicide residues and other pollutants in the environment; and on-farm research and demonstration of weed management technologies and impact assessment. The Directorate has adequate infrastructure to conduct both laboratory and field-based studies on various aspects of weed research. Besides research and coordination, it also undertook training programmes, consultancy services, programme on '*Mera Gaon Mera Gaurav*', '*Swachh Bharat*', field days/ *kisan sangosthi*, agriculture education day, industry day, national science day, foundation day, world soil day, and scientist-farmer-official interface meeting. The central zone sports tournament of ICAR was also organized at the Directorate. The Directorate has strong linkages with ICAR institutes, SAUs, KVKs and NGOs to advise on management of location-specific weed problems. The work done at the Directorate during 2015-16 was reviewed by various review committees like Research Advisory Committee, Institute Management Committee and Institute Research Council.

The salient research achievements of the Directorate during 2015-16 are summarized, below:

Development of sustainable weed management practices in diversified cropping systems

- In maize-wheat-greengram cropping system, in wheat, the weed density was significantly lower under CT (maize) - ZT (wheat) -ZT (greengram) and CT (maize) - CT (wheat). Application of mesosulfuron + iodosulfuron (12+2.4 g/ha) 30 DAS resulted in least weed density and biomass. Highest grain yield was recorded under ZT and ZT + R. The treatments sulfosulfuron + metsulfuron (32 g/ha) 30 DAS and mesosulfuron + iodosulfuron (12+2.4 g/ha) 30 DAS resulted in similar grain yield but significantly higher than unweeded control. In greengram, the weed density did not differ significantly, however weed biomass was least under CT (maize) - ZT (wheat) -ZT (greengram) sequence. The seed yield of greengram was not significantly influenced by the treatments.
- In maize-wheat-greengram cropping system, residues of applied herbicides, viz. pendimethalin, imazethapyr and atrazine were found below detectable limits in maize grains. However, the residues of atrazine were found in all soil samples obtained from treated plots.
- In rice-wheat-greengram system, lowest weed density and biomass were recorede with CT-TPR Higher grain yield of rice was recorded with CT-TPR. In rice,

किया गया। धान के अधिकतम उत्पादन पारंपरिक जुताई के अंतर्गत दर्ज किया गया। धान में, मास स्पेक्ट्रा में बिसपायरीबेक – सोडियम के अवशेष नही पाये गये।

- मक्का–सरसों–मूंग फसल पद्धति में भू–परिष्करण और फसल प्रतिस्थापन पद्धति में परंपरागत जुताई की अपेक्षा शून्य जुताई + मूंग अवशेष – शून्य जुताई + मक्का अवशेष – शून्य जुताई + सरसों अवशेष उपचार में सबसे कम खरपतवारों की संख्या तथा शुष्क भार एवं अधिक उपज प्राप्त हुई।
- सोयाबीन–गेहूं फसल प्रणाली में गेहूं में पेन्डीमिथेलिन–1 निंदाई, 2 निंदाई, मेजो + आइडोसल्फ्यूरॉन–1 निंदाई, पेन्डीमिथेलिन–मेजो + आइडोसल्फ्यूरॉन के उपचार से न्यूनतम खरपतवार शुष्क पदार्थ दर्ज किया गया। पेन्डीमिथेलिन एवं वीडी चेक के अलावा सभी उपचारों से गेहूं की एक समान उपज प्राप्त हुई। सोयाबीन में इमाजेथापायर – 1 निंदाई, पेन्डीमेथेलिन–इमाजेथापायर के उपचार से न्यूनतम खरपतवार संख्या एवं शुष्क पदार्थ पाया गया साथ ही सोयाबीन की अधिकतम उपज प्राप्त हुई।
- रबी में आम के बागान में मटर की अंतवर्ती फसल लेने पर न्यूनतम खरपतवार पाये गये जो कि ग्लाइफोसेट 2.0 कि.ग्रा./हे. के उपचार के समान थे।
- सूरजमुखी फसल में पेण्डीमेथेलिन 750 ग्रा./हे., पेण्डीमेथिलिन + इमाजेथापायर 900 ग्रा./हे., पेण्डीमेथेलिन–क्विजालोफॉप, पेण्डीमेथेलिन + इमाजेथापायर–क्विजालोफॉप, ऑक्सीफ्लोरफेन–क्विजालोफॉप के प्रयोग से खरपतवार शुष्क पदार्थ में समान रूप से कमी दर्ज की गई जो कि दो बार निंदाई के बराबर थी। सूरजमुखी की उपज पेण्डीमेथेलिन, ऑक्सीफ्लोरफेन, पेण्डीमेथेलिन–क्विजालोफॉप, ऑक्सीफ्लोरफेन–क्विजालोफॉप एवं दो बार निंदाई में अधिक एवं समान मात्रा में पाई गई।

जलवायु परिवर्तन के दौर में खरपतवारों में परिवर्तन, प्रबंधन एवं खरपतवारनाशी प्रतिरोधक क्षमता

- गेहूं के साथ–साथ *फैलारिस माइनर* की सम्पूर्ण वृद्धि पर भी सवंर्धित वायुमण्डलीय कार्बन–डाईआक्साइड का सकारात्मक प्रभाव पड़ा, हालांकि उच्च तापमान अकेले या उच्च कार्बन–डाईआक्साइड के संयोजन से गेहूं की वृद्धि एवं विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, जबकि इस तरह का कोई प्रतिकूल प्रभाव *फै. माइनर* पर नही देखा गया।
- उच्च कार्बन–डाईआक्साइड पर गेहूं के साथ–साथ *फैलारिस माइनर* में रंध्रीय चालकता और वाष्पोत्सर्जन की दर में कमी पाई गई जबकि उच्च तापमान पर दोनों प्रजातियों में विपरीत प्रभाव देखा गया। उच्च तापमान पर गेहूं की पैदावार में महत्वपूर्ण कमी (19.9%) दर्ज की गई। हालांकि उच्च कार्बन–डाईआक्साइड पर गेहूं की उपज में 18.6% की वृद्धि देखी गई।
- जलवायु की बदलती हुई विभिन्न अवस्थाओं (उच्च कार्बन–डाईआक्साइड + उच्च तापमान) में कृषिजन्य धान और खरपतवारीय धान पर जंगली धान प्रभावी हो सकती है। ऐसा प्रभावी टिलर संख्या और जड़ों की लम्बाई के प्रभावित रूप में परिलक्षित होता है।

residues of bispyribac-sodium were found below detectable limits on mass spectra.

- In maize-mustard-greengram system, ZT + ZR - ZT + MR - ZT + Msr reduced the weed dry weight and significantly enhanced the yield of maize over the conventional tillage.
- In soybean-wheat cropping system, in wheat, application of pendimethalin 750 g/ha PE *fb* 1 HW 40 DAS, 2 HW 20 & 40 DAS, mesosulfuron + iodosulfuron (12+2.4) 400 g/ha 25 DAS *fb* 1 HW 40 DAS, pendimethalin 750 g/ha PE *fb* mesosulfuron + iodosulfuron (12+2.4) 400 g/ha 25 DAS reduced the weed dry biomass significantly. All treatments except pendimethalin alone (3.58 t/ha) and unweeded control (3.64 t/ha) produced higher and equal grain yields (5.03 - 6.58 t/ha). In soybean, application of imazethapyr *fb* 1 HW, and pendimethalin 750 g *fb* imazethapyr 100 g/ha resulted in lowest weed population and weed dry weight, these treatments resulted in seed yield of 0.88 and 0.86 t/ha, respectively.
- In mango orchard, intercrop of field pea reduced the weed population and weed dry biomass, and it was comparable with the application of glyphosate 2.0 kg/ha.
- In sunflower, application of pendimethalin 750 g/ha PE, pendimethalin + imazethapyr 900 g/ha PE, pendimethalin 750 g/ha *fb* quizalofop -p-ethyl 50 g/ha, pendimethalin + imazethapyr 900 g/ha PE *fb* quizalofop -p-ethyl 50 g/ha, oxyfluorfen 150 g/ha PE *fb* quizalofop -p-ethyl 50 g/ha were equally effective in reducing weed dry biomass and producing seed yield as compared to 2 hand weedings.

Weed dynamics and management under the regime of climate change and herbicide resistance

- Enrichment of atmospheric CO_2 had a positive effect on overall growth of wheat as well as *Phalaris minor* plants. However, elevated temperature alone or in combination of elevated CO_2 had adverse effect on growth and development of wheat. No such adverse effect was noticed in case of *P. minor*.
- Elevated CO_2 led to a decrease in stomatal conductance and rate of transpiration in wheat as well as *P. minor*. However, reverse was true at elevated temperature in both the species irrespective of growth stage. A considerable decrease (19.9%) in grain yield of wheat was recorded at elevated temperature, but at elevated CO_2, grain yield of wheat was increased by 18.6%.
- Studies suggested that under changing climatic conditions (elevated CO_2 + elevated temperature), wild rice dominate cultivated as well as weedy rice as indicated by increase in number of effective tillers and root length.

- वातावरणीय कारकों (कार्बन–डाईआक्साइड व तापमान) में परिवर्तन से मृदा एंजाइमों की क्रियाशीलता, प्रजातियों एवं ट्रीटमेंट के अनुसार परिवर्तित होती है।
- सामान्य परिवेश में सल्फोसल्फ्यूरॉन 100% *फैलारिस माइनर* की संख्या को मारने में प्रभावी या उच्च ताप पर *फैलारिस माइनर* की 40% आबादी ही बचा पाया। उच्च कार्बन–डाईआक्साइड + उच्च ताप पर 60% पौधों की आबादी बच गई। सल्फोसल्फ्यूरॉन की प्रभावकारिता भविष्य मे होने वाले जलवायु परिवर्तन (उच्च कार्बन–डाईआक्साइड + उच्च तापमान) के मद्देनजर कम हो सकती है और खरपतवार प्रबंधन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।
- *इकाइनोक्लोआ क्रसगैली, इकाईनोक्लोआ कोलोना* एवं *इकाइनोक्लोआ ग्लेब्रैसेन्स* की कई प्रजातियों में माइक्रोप्लॉट प्रयोगों में खरपतवारनाशी ब्यूटाक्लोर के 2–10 कि.ग्रा./हे. उपयोग में खरपतवारों के अंकुरण व उनके पौधों में वृद्धि देखी गई। इससे पिछले वर्ष के प्रायोगिक परिणामों की पुष्टि होती है कि *इकाइनोक्लोआ* स्पीसिस में ब्यूटाक्लोर सहनशीलता एक तथ्य है।
- खरपतवार एटलस बनाने लिए 100 खरपतवारों के बारे में जानकारी संकलित की गई। 100 से भी अधिक खरपतवार बीज के नमूने जबलपुर, लुधियाना और हिसार से एकत्र किये गये। खरपतवार पौधे विभिन्न स्थानों से लाये गये और वीड कैफेटेरिया में प्रत्यारोपित किये गये तथा परिपक्व बीज इकट्ठे किये गये।
- *पार्थेनियम* की पत्ती का एलीलोकैमिकल क्रूड, तैरने वाली जलीय खरपतवारों के लिये नाशकारी पाया गया। यह जलकुम्भी व *पिस्टिया* को 1000–1500 पी.पी.एम., और *अजोला, स्पाईरोडेला* और *लेम्ना* को 1000 पी.पी.एम. में नष्ट किया। जल में डूबी रहने वाली खरपतवार *वैलिसनेरिया* को 1000 पी.पी.एम., *हाइड्रिला* व *सेरेटोफाईलम* को 500 पी.पी.एम., *नाजाज* व *पोटेमोजीटोन* को 250 पी.पी.एम. एवं ग्रीन मस्क *कारा* को 125 पी.पी.एम. में नष्ट करने में सक्षम था।
- तरल परीरक्षक से सभी बीजों का जीवन कई गुना बढ़ गया। कई बीजों के अंकुरण के स्तर में 21 व 24 वर्ष में कोई परिवर्तन नही हुआ है, हालांकि बीजों की अंकुरण शक्ति में कुछ कमी पाई गई। प्रयोग के परिणाम दर्शाते हैं कि इस तरल परिरक्षक का उपयोग बीजों के जीवन को परिवेशी तापमान में लम्बे समय तक जीवित रखने के लिये किया जा सकता है।

फसलीय और गैरफसलीय क्षेत्रों में समस्यात्मक खरपतवारों का जैव विज्ञान एवं प्रबंधन

- कृषिजन्य धान और खरपतवारीय धान की तुलना करने पर न केवल इनके बीच बहुत विभिन्नता पाई गई बल्कि खरपतवारीय धानों के बीच भी विभिन्नता देखने को मिली।
- एस.एस.आर. मार्कर के द्वारा डॉर्विन सॉफ्टवेयर के उपयोग से खरपतवारीय धान के प्रतिरूपों की आण्विक फिंगर प्रिंटिंग या समानता प्रदर्शित करती है कि इनकी भौगोलिक स्थिति उनके आनुवांशिक स्तर से संबद्ध नही है।
- *पी. ऑक्सेलिकम* का बीजाणु घोलक और उपापचय के कच्चे सार का फब्बारा छिड़काव *ओरोबंकी केनाटा* के वृत्त को रोकने में अधिक

- Changes in climatic factors (CO_2 and temperature) influenced the activity of soil enzymes in plant species and treatment-specific manner.
- At ambient condition, sulfosulfuron was effective to kill 100% population of *P. minor*. At elevated temperature, about 40% population of *P. minor* survived. At elevated CO_2 + elevated temperature, more than 60% plants survived. Thus, efficacy of sulfosulfuron on *P. minor* was reduced with predicted climate changes adversely.
- *Echinochloa crusgalli, E. colona* and *E. glabrescens* lines showed emergence and seedling growth in micro-plots at butachlor 2-10 kg /ha, confirming resistance against the herbicide.
- Information regarding 100 weeds was compiled for preparing weed atlas. One hundred thirty weed seeds were collected from Jabalpur (Madhya Pradesh), Hisar (Haryana) and Ludhiana (Punjab), which belonged to 27 families and 98 genus.
- *Parthenium* leaf allelochemical crude was lethal to floating aquatic weeds. It killed water hyacinth and *Pistia* at 1000-1500 ppm, and *Azolla, Spirodela* and *Lemna* at 1000 ppm. It was lethal submerged aquatic weed *Vallisnaria* at 1000 ppm, *Hydrilla* and *Ceratophyllum* at 500 ppm, *Najas* and *Potamogeton* at 250 ppm and *Chara* at 125 ppm.
- Longevity of seeds of crop and weed species was extended by a liquid preservative, but it varied in different species. In some crop and weed seeds, there was no loss of seed viability by 24 and 21 years, though seed vigor (performance) was affected to varying degrees. The experimental results show potential use of the liquid preparation as a seed preservative for extending longevity of seeds at ambient temperature for long periods.

Biology and management of problematic weeds in cropped and non-cropped areas

- Comparison between weedy and cultivated rice revealed immense variations amongst not only in weedy and cultivated rice but amongst weedy rice themselves.
- Molecular fingerprinting of weedy rice morphotypes by SSR markers analysed using Darwin software (version 6.0) validated that they do not appreciate geographical boundaries at the genetic level also.
- Application of spore suspension and crude metabolite extract of *Penicillium oxalicum* as seed treatment followed by foliar application caused a significant reduction in the stalk emergence of *Orobanche crenata* when compared to control. Neem cake slurry delayed

सक्षम रहे जबकि अनउपचारित भू–खण्डों में यह प्रभाव नही देखा गया। नीम केक स्लरी द्वारा 150 दिनों में *ओरोबंकी* के वृत्त कम हुये। जो *एफ. ऑक्सीस्पोरम* डी.डब्ल्यू.एस.आर.1 उपापचय सार के निकट था।

- छत्तीसगढ़ के बस्तर में *कोमोलिना ओडोराटा* के समन्वित प्रबंधन हेतु संकमित गांठ मक्खी को छोड़ा गया और *कोमोलिना ओडोराटा* पर गांठ बनने का मूल्यांकन किया गया। यद्यपि गांठों की संख्या कम देखी गई परंतु वे स्थापित हो गये। खाली जगहों पर चकोड़ा (*केसिया टोरा*) द्वारा *कोमोलिना* को विस्थापित किया जा सकता है।
- भारत के विभिन्न भागों में *पार्थेनियम* के जैविक नियंत्रण के लिए उपयोग होने वाले *जायोगोग्रामा बॉयकोलोराटा* की स्थापना के पूर्वानुमान पर एक अध्ययन किया गया । लॉजिस्टिक प्रतिगमन विश्लेषण से पता चला है कि प्रतिगमन समीकरण में परिवर्तनशीलता को समझाने में मौसम चर जैसे MMIN, MMIN* RH और MMIN* Rainfall से प्राप्त सूचकांक अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस समीकरण के द्वारा 79.6% स्थानों के लिए पूर्वानुमान सही पाये गये वहीं दूसरी ओर 20% स्थानों के पूर्वानुमान गलत पाये गये।
- उत्तर कर्नाटक जिले के हलियाल ग्राम के देवगिरी तालाब में जलीय खरपतवार के प्रबंधन को धारवाड़ के कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय के सहयोग से प्रदर्शित किया गया। इस तालाब में समस्यात्मक खरपतवार *जलकुंभी, एलिगेटर, टाइफा, पेनिकम* और *साइप्रस* घास आदि का घातक संकमण था। खरपतवार के प्रबंधन के लिये समन्वित दृष्टिकोण (*नियोकेटिना* कीट एवं ग्लाइफोसेट 1.5 किलोग्राम/हे. + 2,4–डी 1.0 किलोग्राम/हे.) अपनाया गया।
- मोतिहारी (बिहार) के मोती झील के 450 एकड़ में से प्रदर्शन के लिये लगभग 6 एकड़ को चिन्हित् करके जलकुम्भी प्रबंधन तकनीक का बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया गया।

पर्यावरण में प्रदूषकों एवं शाकनाशी अवशेषों का अपघटन, निगरानी व शमन

- मृदा में 0–90 दिनों में 0.0563 से 0.0037 µg/g विसपायरीबेक सोडियम पाया गया जबकि धान के पौधों में 0.0253 से 0.0012 µg/g पाया गया। पानी में 0.0013 से 0.0056 µg/g, 0 से 30 दिनों तक विसपायरीबेक सोडियम पाये गये जबकि मछली में 0.006 µg/g अवशेष 30 दिनों में पाया गया ।
- क्लोरीम्यूरॉन के मेटसल्फ्यूरॉन के साथ संयुक्त अनुप्रयोग करने पर 5–20 दिन में पानी में 0.015 से 0.012 µg/g अवशेष पाये गये व मछली में अवशेषों की मात्रा 0.043 µg/g 30 दिनों पर पाया गया।
- मृदा व पौधों में विसपायरीबेक सोडियम, पेंडीमेथालीन, मेटसल्फ्यूरॉन–मिथाइल व क्लोरीम्यूरॉन की अर्ध आयु काल क्रमशः 10.1–11.3, 13.1–24.4, 10.3–9.7, 15.7–11.5 दिन पायी गयी।
- खरीफ 2015 में धान के खेत में शाकनाशी का प्रयोग करने के बाद भी पानी के pH एवं EC में ज्यादा अन्तर नही पाया गया । रबी के दौरान क्लोडीनोफॉप, मेटसल्फ्यूरॉन, पेंडीमिथालीन, सल्फोसल्फ्यूरॉन व खरीफ में विसपायरीबेक सोडियम,

the emergence of the stalks but at 150 days of observation, the emergence was near to the metabolite extract of *Fusarium oxysporum* DWSR1.

- In Bastar region of Chhattisgarh, for management of *Chromolaena odorata*, infested galls were released at different sites. Survey revealed the formation of galls on *C. odorata*. Although number of galls was less but it was the indication of the start of establishment process. Botanical *Cassia tora* was found effective to replace *Chromolaena odorata* in vacant lands.
- A study was conducted to model and forecast the establishment of *Zygogramma bicolorata* beetles (a bioagent used for control of *Parthenium*) in different parts of India using different weather parameters. Logistic regression analysis revealed that weather indices of variables MMIN, MMIN*RH and MMIN*Rainfall significantly explained the variability in regression equation as they were found significant at 5% level of significance. Concordance 79.6%, discordance 20.0% and tie 0.4% were recorded while studying the association between predicted probabilities and observed responses through logistic regression approach.
- At Haliyal (North Karnataka), Devagiri pond was taken for demonstration of aquatic weed management. The pond was severely infested with the troublesome weeds like water hyacinth, alligator weed, *Typha*, *Panicum* and *Cyperus*. Integrated approach using *Neochetina* spp. and premix combination of glyphosate 1.5 kg/ha + 2,4-D 1.0 kg/ha was found effective for the management of weeds in the pond.
- Large scale demonstration of technology for water hyacinth management in Moti lake at Motihari (Bihar) was undertaken.

Monitoring, degradation and mitigation of herbicide residues and other pollutants in the environment

- Bispyribac-sodium residues in soil were found 0.0563 to 0.0037 µg/g at 0 to 90 days, while in rice plants, 0.0253 to 0.0012 µg/g residues were detected at 0 to 60 days. In the water samples, 0.0013 to 0.0056 µg/ml bispyribac-sodium residues were detected at 0 to 30 days, while in fishes residues were 0.006 µg/g at 30 days.
- Application of chlorimuron as a combination mixture with metsulfuron resulted in 0.015 to 0.012 µg/ml residues in water at 5-20 days and 0.043 µg/g in fishes at 30 days.
- Half-lives of bispyribac-sodium, pendimethalin, metsulfuron-methyl and chlorimuron in soil and plants were found to be 10.1 to 11.3, 13.1 to 24.4, 10.3 to 9.7 and 15.7 to 11.5 days, respectively.

मेटसल्फ्यूरॉन मिथाइल + क्लोरीम्यूरॉन इथाइल व पेंडीमिथालीन उपयोग करने के कारण मछली की मृत्युदर में कोई अवलोकन दर्ज नही किया गया।

- संरक्षित कृषि प्रणाली के अंतर्गत बिसपायरीबेक सोडियम को अपघटित करने वाले तीन सूक्ष्म जीव जो चने की मृदा में बहुत तेजी से वृद्धि करते है पाये गये। जो *ट्राईकोडर्मा* स्पीशीज, *राइजोबियम* स्पीशीज और *एजेटोबेक्टर* है। बिसपायरीबेक सोडियम से संदूषित मृदा को इन लाभकारी सूक्ष्मजीवाणुओं का उपयोग करके नियंत्रित कर सकते है।
- चने में 2,4–डी व पेराक्वॉट के निर्धारण के लिए यू.एफ.एल.सी. द्वारा एक प्रणाली विकसित की गई जो 0.001 µg/mL सीमा तक थी। मृदा व पौधों में पेराक्वॉट व 2,4–डी का विश्लेषण pH पर आधारित पाया गया। चने के पौधों मृदा व पानी में पेराक्वॉट व 2,4–डी के निर्धारण के लिए यह प्रणाली उचित पायी गयी।
- सिंचाई जल के उपचार के बीच डी.टी.पी.ए. की उच्च मात्रा, भारी धातुओं (कैडमियम, मैंगनीज और आयरन) का परीक्षण अनउपचारित जल व ट्यूबवेल जल के साथ सिंचित क्षेत्र में किया गया । अनुउपचारित जल के साथ मैंथी के क्षेत्र में सिंचाई करने पर ट्यूबवेल जल के सिंचाई करने की तुलना में कैडमियम और आयरन की सांद्रता ज्यादा पायी गई । टाइफा के उपचारित जल से उपचार करने पर मैंथी की पत्तियों में इन धातु की सांद्रता कम प्राप्त हुई । ई.डी.टी.ए. के साथ उपचारित करने पर मैथीं की जड़ों में धातु की मात्रा बढ़ गई।

खरपतवार प्रबंधन तकनीक का कृषक प्रक्षेत्र पर शोध परीक्षण एवं प्रदर्शन तथा उनके प्रभावों का मूल्यांकन

- पनागर क्षेत्र के महंगवां एवं भरदा ग्राम में रबी 2014–15 के दौरान निदेशालय द्वारा 5 चयनित कृषक प्रक्षेत्रों पर गेहूं में उन्नत खरपतवार तकनीक का संरक्षित कृषि के अंतर्गत शोध परीक्षण एवं प्रदर्शन किया गया। परिणामों से पाया गया कि कृषक विधि की तुलना में उन्नत तकनीक प्रयुक्त संरक्षित कृषि प्रदर्शन प्रक्षेत्र पर बीजों का जमाव, पौधों की वानस्पतिक वृद्धि एवं बालियों की संख्या इत्यादी, उच्च स्तर एवं गुणवत्ता वाले पाये गये, साथ ही साथ गेहूं के प्रमुख खरपतवार जैसे *लेथाइरस सेटाइवा, विसिया सेटाइवा, बथुआ, मेडिकागो, मेलीलोटस एल्बा, जंगली जई* एवं *फेलेरिस माइनर* इत्यादी का नियंत्रण भी कृषक विधि (परंपरागत कृषि) की तुलना में काफी कारगर तरीके से हुआ। फलस्वरूप ज्यादा उत्पादन (4.93 टन/हे.), ज्यादा आर्थिक लाभ (₹ 54,500/हे.) एवं बेहतर लाभ–खर्च अनुपात (3.8) प्राप्त हुआ।
- संरक्षित कृषि पद्धति में अनुमोदित खाद एवं शाकनाशी प्रयोग के साथ खेती करने पर चनें के पौधें काफी स्वस्थ एवं दानें बोल्ड पाये गये तथा उसकी उपज, आर्थिक लाभ एवं लाभ–खर्च अनुपात कृषक पद्धति की तुलना में काफी बेहतर रहा।
- सिहोरा क्षेत्र के ग्राम सिमरिया में चार किसानों के खेतों में गेहूं में खरपतवार प्रबंधन पर ऑन–फार्म शोध किया गया। शून्य जुताई अंतर्गत बोई गई गेहूं में शाकनाशी एवं संस्तुत उर्वरक के प्रयोग की

- There was not much difference in water pH and EC after herbicide application in rice field. Mortality of fishes was not observed due to clodinafop, metsulfuron, pendimethalin and sulfosulfuron application during *Rabi* and bispyribac-sodium, metsulfuron-methyl+chlorimuron-ethyl and pendimethalin application in *Kharif* season.
- From the soil of chickpea grown field under conservation agriculture system, three bispyribac-degrading microbes were isolated and characterised as *Trichoderma* sp., *Rhizobium* sp. and *Azotobacter* sp. The contamination of soil with bispyribac-sodium can be managed with the addition of these beneficial microorganisms.
- A method was developed for determination of 2, 4-D and paraquat in chickpea by UFLC with a detection limit of 0.001 µg/mL. Analysis of paraquat and 2,4-DEE in plant and soil was found pH dependent. These methods were found suitable for determination of paraquat and 2,4-DEE in chickpea plants, soil and water.
- Among irrigation water treatments, higher concentration of DTPA extractable heavy metals (Cd, Mn and Fe were observed in plots irrigated with untreated drain water as compared to tube well water. Fenugreek in plots irrigated with untreated drain water absorbed higher concentration of Cd and Fe than tube well water. Among the treatments, *Typha* treated water showed lower content of these metals in leaf part of fenugreek. EDTA treatment enhanced the metal content in root of fenugreek.

On-farm research and demonstration of weed management technologies and impact assessment

- On-farm research trials-cum-demonstration on weed management in wheat under conservation agriculture were carried out at five locations in Mahagawa and Bharda villages of Panagar tehsil. Application of recommended fertilizer dose (RFD) (120:60:40 N, P_2O_5, K_2O kg/ha) along with herbicide (clodinafop+ metsulfuron 60+4g/ha) under conservation agriculture at 30 DAS resulted in the lowest weed density and biomass and higher grain yield (4.93 t/ha), higher net income (₹ 54462/ha) with higher B:C ratio of 3.8 compared to farmer's practice (conventional tillage + high seed rate + unbalanced fertilizer without proper weed management).
- In chickpea, application of recommended fertilizer dose (RFD) along with herbicide (pendimethalin 700 g/ha PE) under conservation agriculture resulted in the lowest weed density and biomass, and higher grain yield (2.0 t/ha), higher net income with higher B: C ratio of 2.89 compared to farmer's practice (conventional tillage + high seed rate + unbalanced fertilizer without proper weed management).

कृषक पद्धति से तुलना की गई। संस्तुत उर्वरक (120:60:40 न.फा. पो. कि.ग्रा./हे.) एवं (क्लोडिनाफॉप + मेटसल्फ्यूरॉन 400 ग्रा./हे.) बुवाई के 30 दिन पश्चात् के प्रयोग से गेहूं में न्यूनतम् खरपतवारों की संख्या एवं शुष्क पदार्थ पाया गया। इसी उपचार के प्रयोग से कृषक पद्धति की तुलना में 46% अधिक उपज एवं 2.47 लाभ : लागत अनुपात पाया गया।

- खरपतवार आधारित जल उपचार प्रणाली की स्थापना जबलपुर के पनागर क्षेत्र के उर्दुआ ग्राम में की गई। छोटे स्तर पर स्थापित इस प्रणाली से जलीय खरपतवार जलकुम्भी का नदी के दूषित पानी की सफाई के प्रदर्शन एवं क्षमता का आकलन किया गया। पानी के विभिन्न मापदंडों का विश्लेषण किया गया और यह पाया गया कि प्रणाली के दूसरे चक्र में उपचारित पानी के पी.एच., तापमान और कुल कठोरता में कोई बदलाव नहीं था। जल की विद्युत चालकता में मामूली बदलाव पाया गया। परंतु पानी के टी.डी.एस., सोडियम, सल्फेट, क्लोराइड और क्रोमियम स्तर में क्रमशः 24.1, 33.1, 68.7, 43.0 और 76.3% की कमी आई। मैलेपन में भी कमी पाई गई।
- कुण्डम क्षेत्र में खरपतवार प्रबंधन तकनीक के परीक्षण एवं उसके प्रति जागरूकता लाने के लिये तीन गांवों का चयन किया गया। गांव परतला में *सेकेरम स्पोनटेनियम* खरपतवार के प्रबंधन की विधि का प्रदर्शन किया गया। ग्लाइफोसेट 1.0 किलोग्राम/हे.+2,4–डी 0.5 किलोग्राम/हे. के मिश्रण के छिड़काव का परिणाम बहुत अच्छा प्रदर्शित हुआ। *सेकेरम स्पोनटेनियम* खरपतवार का नियंत्रण हो जोने के बाद ढैंचे की बुवाई की गई।
- कल्याणपुर और फिफरी गांव में लगभग एक हेक्टेयर के बड़े भू–भाग में गाजरघास का *जाइगोग्रामा बाइकोलोराटा* द्वारा जैविक नियंत्रण का प्रदर्शन किया गया। जहां पर मैक्सिकन बीटल छोड़े गये थे वहां पर बहुत ही अच्छा नियंत्रण हुआ।
- अ.भा.स.ख.प्र.प. के लिये वेब आधारित सूचना प्रणाली विकसित की गई है। इसमें C+ भाषा और एन.इ.टी. के साथ ही एस.क्यू.एल. सर्वर 2008 का प्रयोग किया गया है। इसके तीन आधारभूत कार्यात्मक मॉड्यूल है : सूचना मॉड्यूल, डेटा विश्लेषण मॉड्यूल और रिपोर्ट जनरेशन माड्यूल।

- On-farm research trials were undertaken on weed management in wheat at four farmers' fields in the village Simariya of Sihora locality. Application of recommended fertilizer dose (120:60:40 N, P_2O_5, K_2O kg/ha) along with herbicide (clodinafop + metsulfuron 400 g/ha) at 30 DAS resulted in the lowest weed density and biomass, and 46% higher grain yield with higher B:C ratio of 2.47 compared to farmer's practice. Similarly, in rice, application of recommended fertilizer dose (120:60:40 N, P_2O_5, K_2O kg/ha) along with herbicide (pretilachlor 700 g *fb* bispyribac-Na 25 g/ha) resulted in the lowest weed density and biomass, and 27.6% higher grain yield with higher B:C ratio of 3.0 compared to farmer's practice.
- A pilot scale macrophyte-based water treatment system was established at Urdua village of Panagar locality of Jabalpur to assess the performance of aquatic weeds *Eichhornia crassipes* and *Pistia stratiotes* in treating waste water from the river. It was observed that during 2nd run of the pilot scale system total dissolved salts (TDS), Na, SO_4, Cl and Cr in water reduced by 24.1, 33.1, 68.7, 43.0 and 76.3% after treatment with *Eichhornia* for 5 days, respectively.
- In Kundam locality, demonstration for management of *Saccharum spontaneum* was undertaken. Glyphosate + 2, 4-D (1.0 kg/ha + 0.5 kg/ha) was found more effective than glyphosate alone. *Sesbania* was sown in the field after control of *S. spontaneum*.
- In Kalyanpur and Fifri villages, biological control of *Parthenium* using *Zygogramma bicolorata* was demonstrated in a large field of about one ha each. Very good control of *Parthenium* was observed where Mexican beetle was released.
- A web-based information system was developed for AICRP on Weed Management using C+ language and .NET framework as the front-end coding and SQL server 2008 as back end. It has three basic functional modules: Information module, Data analysis module and Report generation module.

प्रस्तावना
INTRODUCTION

यह निदेशालय खरपतवार प्रबंधन के लिये 22 अप्रैल 1989 को राष्ट्रीय खरपतवार अनुसंधान केन्द्र के रूप में अस्तित्व में आया, और बाद में यह 23 जनवरी 2009 को उन्नत होकर खरपतवार विज्ञान अनुसंधान निदेशालय हो गया। 26 नवम्बर 2014 को इसका नाम परिवर्तित होकर भा.कृ.अनु.प. –खरपतवार अनुसंधान निदेशालय हो गया। यह निदेशालय सम्पूर्ण विश्व में एक मात्र है जो कि विशेष रूप से कृषि तंत्र में मौजूदा और नये–नये पैदा होने वाले खरपतवारों से निपटनें में पूर्णतः लगा हुआ है। निदेशालय बुनियादी, सामयिक और व्यवहारिक अनुसंधान के लिये एक कला केन्द्र के रूप में कार्यरत है और खरपतवार प्रबंधन के लिये स्थान विशिष्ट तकनीकें विकसित करने के लिए 23 विभिन्न राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में स्थित ए.आई.सी.आर.पी. केन्द्रों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व प्रदान करते हैं। विभिन्न हितधारकों और संस्थानों को प्रशिक्षण के अलावा खरपतवार प्रबंधन के लिये सहयोगात्मक कार्यक्रम और "मेरा गांव मेरा गौरव" के तहत् किसानों के खेतों में भागीदारी अनुसंधान भी किया जा रहा है। निदेशालय 300 प्रतिशत कॉपिंग इन्टेनसिटी के साथ पूरे फार्म को संरक्षित खेती के अंतर्गत लाने में गर्व महसूस कर रहा है। संगठन में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली लागू करने के लिये, निदेशालय को ISO 9001 : 2008 प्राप्त हुआ है।

The Directorate came into existence as National Research Centre for Weed Science (NRCWS) on 22 April, 1989; and was further upgraded as Directorate of Weed Science Research on 23 January, 2009. Again directorate was renamed as ICAR-Directorate of Weed Research on 26 November, 2014. This directorate is one of its own kinds in the whole world dealing exclusively with the existing and emerging weed problems in different agro-ecosystems. Directorate acts as a state of art centre for basic, strategic and applied research in weed science and provide leadership at national level through its 23 AICRP centres in different state agricultural universities for generating location specific technologies for weed management. Besides, trainings to different stakeholders, consultancy, collaborative programmes on weed management; participatory research at farmers' fields under 'Mera Gaon Mera Gaurav' are also being undertaken which spread over four districts around Jabalpur. Directorate take pride as whole research farm has been converted into resource-conservation based zero-till intensive farming system with about 300% cropping intensity. Directorate earned the ISO 9001: 2008 certificate by implementing the quality management system.

पिछले 27 वर्षों से इस संस्थान ने खरपतवार सर्वेक्षण एवं निगरानी, विविध फसल प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन हेतु तकनीकों के विकास, शाकनाशी प्रतिरोधकता, समस्यात्मक खरपतवारों का जीव विज्ञान एवं प्रबंधन तथा शाकनाशियों के पर्यावरणीय प्रभाव के मूल्यांकन में मुख्य भूमिका निभाई है। इन तकनीकों को खेत पर अनुसंधान एवं प्रदर्शनों के माध्यम से बड़े क्षेत्रों तक पहुंचाया गया जिससे इन्हें अपनाया जा सके तथा इन तकनीकों ने किसानों की कृषि उत्पादकता एवं आजीविका को उन्नत बनाने में मदद की है। विविध फसल प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन, हानिकारक आक्रामक

Over the last 27 years, Directorate has played a pioneering role in weed management at national level through its research programmes focused on survey and surveillance, development of weed management technologies for diversified cropping systems, herbicide resistance in weeds, biology and management of problem weeds, and environmental impact of herbicides. Adoption of these technologies has been promoted on large areas through on-farm research and demonstrations, which has resulted a boost in agricultural productivity and livelihood security of the farmers. Efforts are being made to address

खरपतवार से उत्पन्न खतरा, परजीवी खरपतवार, जलीय खरपतवार, मौसम परिवर्तन के कारण खरपतवार गतिशीलता, शाकनाशी प्रतिरोधकता और शाकनाशियों का पर्यावरण पर प्रभाव तथा निगरानी आदि विषयों पर संस्थान लगातार प्रयास करता रहा है। आगे की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुये खरपतवारों का उन्नत एवं टिकाऊ प्रबंधन के लिये निदेशालय ने पूर्ण रूप से संरक्षित कृषि को अपनाया है।

दूरदर्शिता

कृषि के स्थायित्व एवं अन्य सामाजिक हितों को ध्यान रखते हुये कम खर्च वाली पारिस्थिकी के अनुकूल उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास।

विशेष कार्य

खरपतवार संबंधित अनुसंधान व प्रबंधन तकनीकों के माध्यम से देश के नागरिकों हेतु उनके आर्थिक विकास एवं पर्यावरण तथा सामाजिक उत्थान में लाभ पहुंचाना।

अधिदेश

- विभिन्न कृषि पारिस्थितिकी क्षेत्रों के लिए टिकाऊ प्रौद्योगिकियां विकसित करने हेतु खरपतवार प्रबंधन अनुसंधान करना।
- कृषि प्रणालियों में खरपतवार प्रबंधन में नेटवर्क अनुसंधान में समन्वयन करना तथा प्रशिक्षण प्रदान करना ।
- खरपतवार प्रबंधन में सूचना की रिपोजिटरी अनुरक्षित करना तथा एक प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में कार्य करना ।

संगठन एवं प्रबंधन

निदेशालय निदेशक के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन आता है। पंचवार्षिक समीक्षा टीम (क्यूआरटी) अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी), संस्थान प्रबंधन समिति (आईएमसी) और संस्थान अनुसंधान परिषद (आईआरसी) अनुसंधान, शिक्षण/प्रशिक्षण और विस्तार गतिविधियों के लिए अन्य सलाहकार निकाय हैं । पांच प्रमुख अनुसंधान अनुभाग, 4 प्रशासनिक खंड, और 12 अन्य इकाईयां निदेशालय के सुचारू कामकाज और प्रभावी समन्वय में योगदान करते हैं ।

प्रयोगशालायें एवं उपकरण

निदेशालय में सस्य विज्ञान, मृदा विज्ञान, पादप कार्यिकी, पादप रोग विज्ञान, कीट विज्ञान और अवशेष विश्लेषण के शोध कार्यों के लिये समर्पित प्रयोगशालाएं हैं। इसके अतिरिक्त एक केन्द्रीय प्रयोगशाला भी हैं जिसमें बर्फ बनाने की मशीन, लीफ एरिया मीटर, रूट स्केनर, स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, पी.एच. मीटर, कंडक्टीविटी मीटर, बी.ओ.डी इंक्युबेटर आदि रखे हैं। निदेशालय में पूर्णतः व्यवस्थित प्रयोगशालायें हैं जिनमें आधुनिक एवं परिष्कृत वैज्ञानिक उपकरण जैसे एल.सी.–एम.एस./ एम.एस. तंत्र, जी.सी., एच.पी.एल.सी., इरगा, लायोफिलॉयजर, एटामिक एब्जार्पशन स्पेक्ट्रोमीटर, यू.वी. विजिबल डबल बीम स्पेक्ट्रोफोटोमीटर,

